शुभारंभ — नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में 'उत्कर्ष-26' का आगाज़

# खेल और संस्कृति से होता है सर्वांगीण विकास : कुलगुरु

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में मंगलवार को अंतर-महाविद्यालयीन खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता 'उत्कर्ष-26' का उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रो. मंदीप शर्मा ने की। कार्यक्रम में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान मधु यादव तथा एशियन गोल्ड मेडलिस्ट तीरंदाज मुस्कान किरार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के



अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और व्यक्तित्व विकास का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें अनुशासन, धैर्य और टीम भावना का विकास करती हैं।

### विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन

प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, रस्साकशी और एथलेटिक्स सहित कई खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन तथा चिकित्सा सुविधा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

### विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

10 से 13 मार्च तक चलने वाले इस चार दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर सहित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### प्रथम दिवस के प्रमुख परिणाम

पहले दिन रस्साकशी (बालक वर्ग) में जबलपुर टीम ने महू को हराकर जीत दर्ज की, जबकि बालिका वर्ग में महू विजेता रहा। एथलेटिक्स में 800 मीटर दौड़ में जबलपुर के विकाश बघेल प्रथम रहे। 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में रीवा के संदीप बघेल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में जबलपुर की कृष्णा यादव विजेता रहीं। क्रिकेट मुकाबले में महू ने रीवा को तथा जबलपुर ने फिशरी कॉलेज, जबलपुर को पराजित किया। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के परिणाम समापन समारोह में घोषित किए जाएंगे तथा विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

# कटनी और छिंदवाड़ा ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय अंडर-18 बालक वर्ग एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए मैच में कटनी और छिंदवाड़ा टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जानकारी के अनुसार पहले मैच में कटनी जिले ने पांढुर्णा जिले को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पांढुर्णा ने 17.3 ओवर में 10 विकेट पर केवल 56 रन बनाए। गौरांश सोलंकी ने पांढुर्णा की ओर से सर्वाधिक 23 रन बनाए। कटनी के गेंदबाज अतुल परिहार ने 6 और सुमित सिंग ने 4 विकेट लेकर पांढुर्णा को सीमित स्कोर पर रोक दिया। जवाब में कटनी ने 7 ओवर में 3 विकेट पर 60 रन बनाकर आसानी से जीत दर्ज की। यश तिवारी नाबाद 20 और अभयूदय सिंग 15 रन बनाकर विजयी पारी खेली। पांढुर्णा की ओर से आयुष्मान दुबे ने 3 विकेट लिए। मैच के अम्पायर आदित्य शर्मा और रामा राव रहे, जबकि स्कोरर प्रहलाद रावत थे।





### छिंदवाड़ा ने नरसिंहपुर को पराजित किया

दूसरे मैच में छिंदवाड़ा ने नरसिंहपुर को मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छिंदवाड़ा ने 50 ओवरों में 10 विकेट पर 175 रन बनाए। वरूण शुक्ला 37, वेदांत जगाले 26, आयान राठौर 22 और अभयूदय वर्मा 19 रन बनाकर प्रमुख योगदानकर्ता रहे। नरसिंहपुर ने जवाब में 10 विकेट पर मात्र 72 रन बनाए, जिसमें सुवीर अरोरा ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। छिंदवाड़ा के अर्नव शिव पुरकर ने 4, वेदांत जगाले, युवराज सिंग और युर्थाथ डहरिया ने 2-2 विकेट लिए। नरसिंहपुर के यशोदन दुबे ने 3, सुबीर अरोरा 2 और आनंदम, गौरव तथा विदित सिंग ने 1-1 विकेट लिए। इस मैच के अम्पायर अमित यादव और संदीप बक्स रहे, जबकि स्कोरर सचिन साहू थे। आज बुधवार को कटनी और छिंदवाड़ा के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रात: 9 बजे एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा में शुरू होगा।

**कार्यालय संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी-477 श्री देवेन्द्र उसरेठे पिता स्व. श्री चन्द्र प्रकाश उसरेठे के नाम से आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 2/05/2018 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन स्व. श्री देवेन्द्र उसरेठे पिता स्व. श्री चन्द्र प्रकाश उसरेठे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27/11/2025 के माध्यम से श्रीमति श्यामा बाई पति स्व. श्री श्याम कुमार को विक्रय किया है। अतः श्रीमति श्यामा बाई द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/ (भवन/ भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# आदर्श कुशवाहा समाज ने सावित्रीबाई फुले को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत,जबलपुर।** आदर्श कुशवाहा समाज ने मातृशक्ति और समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। रविंद्र कुशवाहा (अध्यक्ष) ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने समाज में अशिक्षा और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए महिला शिक्षा की अलख जगाई। उनके योगदान से समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का मार्ग मिला। सभा में संत कुमार कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा, रोहिणी कुशवाहा, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, इंद्रपाल कुशवाहा, अक्षय कुशवाहा, राजेश कुशवाहा समेत कई वरिष्ठ सदस्य और मातृशक्ति उपस्थित रही।



## अमर शहीद रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थल पर सुधार की मांग

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री शैलेश सिंह लोधी ने अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के प्रतिमा स्थल, धनवंतरी नगर चौक की खराब स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि प्रतिमा स्थल पर टूटी टाइलें, बंद लाइट और फैला कचरा बताया गया। शैलेश सिंह लोधी ने नगर निगम आयुक्त से पुताई, मरम्मत, रंगरोगन और लाइट सुधार की मांग की। उन्होंने बताया कि सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस 20 मार्च को जिले व पूरे भारत में मनाया जाएगा। जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विजय लोधी, हिम्मत सिंह लोधी, प्रदीप पटेल, भरत पटेल, कृष्ण कुमार लोधी, कीर्ति सिंह और नित्या सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं कल्पना नविन निमजे, पति नविन माणिकदास निमजे, उम्र 45 वर्ष, निवासी क्वार्टर नं. 2/7 टाईप- 3, वेस्टलैण्ड, खमरिया जिला जबलपुर (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि, मेरा नाम विवाह के पूर्व कल्पना शंकरराव बोकडे था और मेरा दिनांक 18/05/2003 को नविन माणिकदास निमजे के साथ विवाह हो चुका है एवं विवाह के पश्चात् मेरा नाम कल्पना नविन निमजे हो चुका है अतः भविष्य में मुझे कल्पना नविन निमजे नाम से लिखा एवं जाना जावे।

**शादी से पूर्व नाम- कल्पना शंकरराव बोकडे**

**शादी के पश्चात् / नया नाम- कल्पना नविन निमजे**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान क्रमांक 711, अंधेरदेव, तहसील एवं जिला जबलपुर (म.प्र.) संबंधी संपत्ति विवादित है।

यह ज्ञात हुआ है कि उक्त संपत्ति को महेश चावला द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त संपत्ति में मीना चावला का भी वैधानिक अधिकार / हिस्सा है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति का क्रय-विक्रय या किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पूर्व सावधानी बरतें। इस सूचना के पश्चात यदि कोई व्यक्ति उक्त संपत्ति का क्रय-विक्रय करता है तो उससे उत्पन्न होने वाले समस्त कानूनी एवं आर्थिक दायित्व के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

स्थान :- जबलपुर
दिनांक :- 10/03/2026

भवदीय
रूपाली केशरवानी
(एडवोकेट)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी-478 श्रीमति रंजना पति श्री देवेन्द्र उसरेठे के नाम से आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/09/2020 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति रंजना उसरेठे पति श्री देवेन्द्र उसरेठे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07/05/2024 के माध्यम से श्रीमति रूकमणी कोरी पति श्री जागेश्वर प्रसाद कोरी को विक्रय किया है। अतः श्रीमति रूकमणी कोरी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/ (भवन/ भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी.पी.-33-2026 दिनांकः 06/03/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) जबलपुर के अधीन दो कार्यः 1.बीना-कटनीः जलमग्न होने की संभावना वाले एलएचएस संख्या 13 से जल निकासी की सुविधा के लिए स्वचालित जल निकासी पंप की व्यवस्था और स्थापना। 2. बीना-कटनीः जलमग्न होने की संभावना वाले एलएचएस संख्या 64, 68 और 72 से जल निकासी की सुविधा के लिए स्वचालित जल निकासी पंप की व्यवस्था और स्थापना।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 36,73,736/-, **बयाना राशि रूपयेः** 73500, **समापन अवधिः** 04 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 27/03/2026, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 27/03/2026। उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गइ है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर
ई- निविदा सूचना, दिनांक 06.03.2026
एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-13

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई. ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए।, **कार्य का नाम**-जबलपुर डिवीजन के टीएसएस, एसएसपी, एसपी, डिपो, टावर वैगन और टावर वैगन शेड में डोर इंटरलॉक की व्यवस्था।, **कार्य स्थल**- जबलपुर मंडल।, **कार्य की अवधि**- 06 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**- रूपये 14,70,00.00/-(रूपये चौदह लाख सत्तर हजार मात्र), **बयाना राशि**- रूपये 29,400.00/-, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**- 30/03/2026, 15:00 बजे/30/03/2026, 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेबसाईट**-https/www.ireps.gov.in, निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता)
कृते वरि. मंडल विद्युत इंजी./क.वि.
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## माता सावित्री फुले की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नवभारत,जबलपुर।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के तत्वाधान में अधारताल कार्यालय, कंचनपुर शोभापुर में माता सावित्री फुले की पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकर लाल गोटिया, अशोक गोटिया, आनदीलाल खलीफा, शैलेश सिंह लोधी, टिमसागर मरकाम, हर्ष गोरिया, हेमंत ठाकुर, विनोद गोटिया, आकाश यादव, कीर्ति सिंह, सतीश गोटिया, राजेन्द्र गोटिया, सुनीता कोल, रीना कोल, प्रभा कोल और दिलीता गोटिया ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**प्रथम निविदा सूचना**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/962 — Date : 10/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID- 2026_UAD_485304_1<br>Date- 13/03/2026 | जयप्रकाश नारायण वार्ड अंतर्गत तुलसी नगर में राजकुमार गुप्ता के सामने सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह<br>2.99 लाख | 2000/-<br>2992/- | 30/03/2026 |
| 2. | Tender ID- 2026_UAD_485304_2<br>Date- 13/03/2026 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत आशीष नेमा की और वसुंधरा कॉलोनी में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य। | 03 माह<br>4.22 लाख | 2000/-<br>4228/- | 30/03/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 25/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 — रीवा, दिनांक-25/02/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1. अनुमानित राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/ छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 485357 | विशेष मजबूतीकरण के अंतर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोनौरी बडोखर मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी. का कार्य। | 152.33 | 1. 152330.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 485358 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रामनई से रीठी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का कार्य। | 238.14 | 1. 238140.00<br>2. 15000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 485359 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में त्योंथर बडागांव से अमाव मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी.का कार्य। | 152.67 | 1. 152670.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 485360 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रायपुर से बरहदी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का कार्य। | 222.37 | 1. 222370.00<br>2. 15000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 485361 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में गुढ खैरा बंजारी मार्ग लम्बाई 5.00 कि.मी. का कार्य। | 203.14 | 1. 203140.00<br>2. 15000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 485362 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में मनिकवार से रघुराजगढ मार्ग लम्बाई 4.70 कि.मी. का कार्य। | 196.99 | 1. 196990.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 485363 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में पहरखा से बुसौल मार्ग लम्बाई 3.57 कि.मी. का कार्य। | 118.87 | 1. 118870.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 485364 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में डिहिया से शुकुलगवां मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. का कार्य। | 137.60 | 1. 137600.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 485365 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 सेवडहा बगीचा अजगरहा से हरिहरपुर मार्ग लम्बाई 3.18 कि.मी. का कार्य। | 127.93 | 1. 127930.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | PWDRB 485366 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 छोटी कचूर से बडी कचूर मार्ग लम्बाई 3.20 कि.मी.का कार्य। | 119.68 | 1. 119680.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | PWDRB 485367 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 बदरांव से डीही मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का कार्य। | 121.00 | 1. 121000.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | PWDRB 485368 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में भखरवार से बहेरा मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. का कार्य। | 183.05 | 1. 183050.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | PWDRB 485369 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में लूक भनिगवां मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का कार्य | 126.23 | 1. 126230.00<br>2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | PWDRB 485370 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रामनई से भलुहा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य। | 80.35 | 1. 80350.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 15 | PWDRB 485371 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में बधवा से मदनुआ मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य। | 74.78 | 1. 74780.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 16 | PWDRB 485372 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में पिपरवार से बुडगवां मार्ग लम्बाई 1.90 कि.मी. का कार्य। | 83.30 | 1. 83300.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 17 | PWDRB 485373 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोहागी त्योंथर पनवार डभौरा मार्ग लम्बाई 2.40 कि. मी. का कार्य। | 78.46 | 1. 78460.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 18 | PWDRB 485374 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 गंगहरा से डिहिया मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. का कार्य। | 84.29 | 1. 84290.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 19 | PWDRB 485375 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सरई सोहरवा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य। | 77.42 | 1. 77420.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| 20 | PWDRB 485376 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोहागी आदिवासी बस्ती पहुँच मार्ग लम्बाई 2.00 कि. मी. का कार्य। | 83.69 | 1. 83690.00<br>2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2. चार माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 2662.29 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने अंतिम दिनांक 24/03/2026 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा

जी-27018/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

## अब यात्री एटीवीएम से प्राप्त कर सकते हैं टिकट

**नवभारत, जबलपुर, ।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर मंडल द्वारा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से टिकट निकालने की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं सहज बनाया गया है। अब यात्री बिना किसी स्मार्ट कार्ड के, केवल मोबाइल भुगतान के माध्यम से स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं रेलवे प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करना तथा समय की बचत सुनिश्चित करना है। मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट अब कुछ ही मिनटों में आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### यात्री एटीवीएम से ऐसे टिकट प्राप्त कर सकते हैं

1. एटीवीएम स्क्रीन पर उपलब्ध अन्य स्टेशन विकल्प पर क्लिक करें।
2. कीबोर्ड के माध्यम से स्टेशन का नाम टाइप करें एवं स्टेशन का चयन करें।
3. यात्रा का विवरण भरें एवं भुगतान विकल्प पर क्लिक करें।
4. स्क्रीन पर प्रदर्शित कोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से भुगतान करें।
5. भुगतान पूर्ण होते ही मशीन से टिकट प्राप्त करें।

रेलवे प्रशासन स्पष्ट करता है कि यदि एटीवीएम मशीन पर कोई फैसिलिटेटर कर्मचारी तैनात हो, तब भी यात्री बिना उनकी सहायता के स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)**

एनआईटी नं.-06/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/सीई(बी)/ — जबलपुर दिनांक : 02/03/2026

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (₹.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) मूल्य (₹.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PWDRB _486853_1 | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या नरसिंहपुर में 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य । | नरसिंहपुर | 639.58 | 639580 | 20000 | 12(बारह माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म0प्र0) |
| 1. | 2026_PWDRB _486837_1 | शासकीय महाविद्यालय गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में 09 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | नरसिंहपुर | 551.94 | 551940 | 20000 | 12(बारह माह) वर्षाऋतु सहित | |
| 1. | 2026_PWDRB _486824_1 | शासकीय महाविद्यालय तेन्दुखेड़ा जिला नरसिंहपुर में बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | नरसिंहपुर | 100.58 | 100580 | 12500 | 06 (छैः माह) वर्षाऋतु सहित | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट /डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 06/03/2026 समय 9.00 से दिनाक 20/03/2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
3. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग,
नरसिंहपुर (म0प्र0)

जी-27047/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सिवनी (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

विज्ञापन पत्र क्रमांक/860/व.ले.लि/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2026 — सिवनी, दिनांक : 06/03/2026

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू.लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27/ नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 06/03/2026 | 2025_ PHED_ 487804_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा एवं धनौरा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संचालन/संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य। समूह क्रमांक-01 | 14.37 | 28,740.00 | 2,000.00 | 23/03/2026 | 23/03/2026 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार। |
| 27/ नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 06/03/2026 | 2025_ PHED_ 487805_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संचालन/संघारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने व कार्य। समूह क्रमांक-02 | 16.92 | 33,840.00 | 2,000.00 | 23/03/2026 | 23/03/2026 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | |
| 27/ नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 06/03/2026 | 2025_ PHED_ 487806_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत संचालन/संघारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने व कार्य। समूह क्रमांक-03 | 14.69 | 29,380.00 | 2,000.00 | 23/03/2026 | 23/03/2026 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिवनी (म.प्र.)

जी-27037/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता